हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

06 जमीन का सपना दिखाकर डकारे दस...



09 विजयपुर में एसडीएम के बंगले के सामने ...





## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने सिद्धगुआं आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने आंगनबाड़ी केंद्र सिद्धगुआं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में बच्चों को दी जा रही शैक्षणिक और पोषण संबंधी सुविधाओं का विस्तार से जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा आंगनबाड़ी केन्द्र मिलने वाली सुविधाओं की स्थिति के बारे में पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में लगे तौलयंत्र देखा एवं बच्चों का वजन करवाया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों को वितरित किए जा रहे पोषाहार की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने बच्चों से आज नाश्ता एवं भोजन में मिली सामग्री की जानकारी ली। बच्चों ने कढ़ी चावल और दलिया मिलाना बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पौष्टिक आहार अत्यंत आवश्यक है।



### अधिवेशन के सहयोगियों को सम्मानित किया

**सागर।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद के द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन मे सागर मे सहयोगियो को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वर्ष 2026 _2028 के लिए चयनित संभागीय अध्यक्ष, शाखा पदाधिकारियों ने स्वागत किया। पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डॉ आशा जैन ने स्वागत भाषण दिया। अधिवेशन समितियों के प्रभारियों, उनके सहयोगियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए, आवास व्यवस्था के लिए सुनीता अरिहंत, प्रशासनिक व्यवस्था के लिए मीना प्रधान, मंच व्यवस्था के लिए ममता जैन, अवॉर्ड व्यवस्था के लिए साक्षी सराफ को विशेष रूप से सम्मानित किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकारी केंद्रीय अध्यक्ष, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष शकुंतला जैन निधि जैन, नूतन नाहर, विद्या चौधरी, दीप्ति चंदेरिया, ऋचा शाह, आशा सेठ, संध्या राधेलिया, अलका जैन शिवानी सिंघई, अंजलि गोदरे, कल्पना जैन, संध्या जैन सारिका जैन, मंजरी जैन, प्रिया जैन, नीलम जैन क्रांति जैन, रश्मि जैन, सुनीता जैन सहित बहनों ने उपस्थिति दर्ज कराई। संचालन ममता जैन ने एवं आभार मंजू मगन जैन ने व्यक्त किया।

## खुरई भाजपा प्रशिक्षण वर्ग के छठे सत्र में कार्यकर्ताओं को दिया मार्गदर्शन

# प्रवास, संवाद व संपर्क से पार्टी का कार्य विस्तार करें : पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

पार्टी के कार्य विस्तार का मूल मंत्र प्रवास, संवाद और संपर्क है। इसके लिए सभी मंडल अध्यक्षों को अपने कार्यक्षेत्र के बड़े ग्रामों में प्रतिमाह आसपास के सात-आठ ग्रामों के कार्यकर्ताओं को बुलाकर एक दिवसीय बैठकें आयोजित करना चाहिए, जिनमें श्रमदान, सेवाकार्य, टिफिन बैठकें, ग्राम संपर्क जैसे कार्यक्रम पाँच-छह घंटों में चलें। ऐसी प्रत्येक बैठक में मैं स्वयं अपनी उपस्थिति दूंगा। यह मार्गदर्शन पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां आयोजित भारतीय जनता पार्टी के पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के षष्ठम सत्र में वर्ग अतिथि वक्ता के रूप में "कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि" विषय पर अपने उद्बोधन में दिया।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अनेक महत्वपूर्ण व्यवहारिक सीखें दीं। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा ही ऐसा राजनीतिक दल है जो अपने कार्यकर्ताओं के निर्माण के लिए प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करता है। इन वर्गों में अनुशासित, चरित्रवान और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की विचारधारा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का निर्माण होता है। उन्होंने बताया कि पार्टी के विस्तार के लिए कार्यकर्ता, कार्यालय, कार्यक्रम, कोष और



कार्यकर्ता निर्माण की प्रक्रिया अपरिहार्य होती है। जनसंघ से लेकर भाजपा तक पार्टी ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे, अपनी सरकारें खो दीं, लेकिन कभी विचारधारा से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि इस राजनीतिक यात्रा में हमारे लाखों जननेताओं और निर्दोष कार्यकर्ताओं ने प्रताड़नाएं सहीं, महीनों जेलें काटीं, बलिदान किया, लेकिन पार्टी और हमारे नेताओं ने कभी विचारधारा से समझौता नहीं किया।सिंह ने कहा कि सत्ता कभी भाजपा की प्राथमिकता नहीं रही, हमारी प्राथमिकता राष्ट्र है। भाजपा ने कभी राम मंदिर और धारा 370 जैसे मुद्दों पर समझौता नहीं किया और लगातार संघर्ष किया। जब देश की जनता ने यह विश्वास किया कि भाजपा ही विचारधारा, मूल्यों और राष्ट्रवाद पर चलने तथा इनसे समझौता नहीं करने वाली पार्टी है, तब हम उस स्थिति तक पहुंचे हैं कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन सके। भाजपा ने पंचनिष्ठाओं के आधार पर राजनीति की है। हम सब गौरवशाली हैं कि हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं।पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी कहा करते थे कि भाजपा में सबसे स्थायी पद आदर्श कार्यकर्ता का है। लाखों कार्यकर्ताओं की त्याग, तपस्या और बलिदान से यह पार्टी बनी है, सोशल मीडिया से यह पार्टी नहीं बनी है। सोशल मीडिया से बने "आप" जैसे राजनीतिक दलों का हश्र हम सबने देखा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग से आदर्श कार्यकर्ता का निर्माण और आदर्श कार्यकर्ता के माध्यम से समाज का कल्याण होता है। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने अंत्योदय और एकात्म मानववाद के दो सिद्धांत दिए हैं। समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को दृष्टिगत रखकर नीतियां, योजनाएं बनाना और प्रकृति से लेकर प्राणीमात्र तक समग्र सृष्टि को एकात्मकता के भाव से देखना हमारी पार्टी का दर्शन है। हम सभी इन मानदंडों पर चलें, तो कोई राजनीतिक दल कभी भाजपा को पराजित नहीं कर सकता और न ही इसका विस्तार रोक सकता है।

दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के छठे सत्र में जनसंघ के समय से कार्य कर रहे वरिष्ठ भाजपा नेता वीर सिंह ठाकुर उर्दोना ने अध्यक्षता की। अध्यक्ष व अतिथि वक्ता का स्वागत खुरई नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौधरी व रविंद्र सिंह ठाकुर ने किया। प्रशिक्षण वर्ग में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रशिक्षण वर्ग में हिस्सा लेने पहुंचे पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह का स्वागत अवध पैलेस के संचालक दुबे परिवार ने फूल-मालाओं के स्थान पर दो नए कूलरों से किया। पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने स्वागत में मिले दोनों कूलर खुरई के ही अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड निवासी सुनीता अहिरवार और ज्ञान बाई बंसल को भेंट कर दिए। ये दोनों महिलाएं अनुसूचित जाति मोर्चा की भाजपा कार्यकर्ता थीं, जो प्रशिक्षण वर्ग में हिस्सा लेने आई थीं।



## एनएसएस स्वयंसेवकों की सराहनीय पहल विद्यार्थियों व पक्षियों को जल व्यवस्था की

**सागर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की छात्र एवं छात्रा इकाई के स्वयंसेवकों ने सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए एक प्रेरणादायी पहल की है। प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता की प्रेरणा तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश प्रताप सिंह एवं अभिलाषा जैन के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के लिए पीने के पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न स्थानों पर पानी से भरे मटके रखे गए, ताकि भीषण गर्मी में विद्यार्थियों को शीतल जल सुलभ हो सके। साथ ही, पर्यावरण एवं जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता दर्शाते हुए पक्षियों के लिए आवास की व्यवस्था की गई तथा उनके लिए दाना-पानी के सकोरे भी स्थापित किए गए। इस मानवीय और पर्यावरणीय पहल से महाविद्यालय परिसर में सेवा और सह-अस्तित्व का संदेश प्रसारित हुआ। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व ही राज्यस्तरीय शिविर में सहभागिता करके लौटी स्वयंसेवक चंचल अहिरवार का इस पूरे आयोजन में विशेष योगदान रहा। उनके उत्साह और समर्पण ने अन्य स्वयंसेवकों को भी प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ गुप्ता ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल सामाजिक जिम्मेदारी को मजबूत करती है, बल्कि विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों और पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी विकसित करती है।



## डॉ श्याम मनोहर सीरोठिया को एक्सीलेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया

**सागर।** नगर के वरिष्ठ चिकित्सक एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मध्यप्रदेश के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डॉ श्याम मनोहर सीरोठिया को आई. एम. ए. संगठन एवं चिकित्सकों के हित में की गई सुदीर्घ एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विगत दिनों भोपाल में आयोजित आई.एम.ए.की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक में एक्सीलेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान आई.एम.ए. के प्रदेश अध्यक्ष डॉ बी.एम. शरणागत, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष डॉ एम.के. जैन प्रदेश सचिव डॉ दीपक साहू द्वारा प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व डॉ सीरोठिया को प्रदेश आई. एम. ए. के लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर प्रदेश आई. एम. ए. के अनेक पूर्व अध्यक्ष डॉ हरियाणी इंदौर, डॉ अरविंद जैन, डॉ पी नेमा, डॉ ब्रजेश अग्रवाल, डॉ पाठक, डॉ अनिल ठाकुर, डॉ भटेले जबलपुर, डॉ नागर, डॉ निगम उज्जैन, डॉ ए के मिश्रा ग्वालियर, डॉ सुब्बाराव कटनी,डॉ नन्होरिया, डॉ ताल्हा शाद, डॉ अनूप साहू सागर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। डॉ सीरोठिया को एक्सीलेंट अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर सागर आई एम ए के सदस्यों ने बधाई दी है।

## एसडीएम कार्यालय के बाहर महिलाओं ने लगाए नारे मंदिर-कॉलेज के पास शुरू हुई शराब की दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

खुरई में बीना रोड स्थित मिशन अस्पताल के पास बुधवार को शराब दुकान खोलने पहुंचे कर्मचारियों का महिलाओं ने विरोध किया। महिलाओं ने दुकान नहीं खुलने दी, जिसके बाद विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलने पर खरई देहात थाना प्रभारी संतोष सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और समझाइश देकर मामला शांत कराया। इसके बाद महिलाएं एसडीएम कार्यालय पहुंचीं और एसडीएम के बाहर आने में देरी होने पर 'एसडीएम साहब बाहर आओ' के नारे लगाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे क्षेत्र में शराब दुकान नहीं खुलने देंगी।

### इसलिए हो रहा विरोध

महिलाओं ने बताया कि खुरई के बीना रोड पर स्वामी विवेकानंद वार्ड में शराब दुकान के लिए जगह तय की गई है। यह दुकान पहले खजउ तलैया के पास खोली जा रही थी, लेकिन वहां भी विरोध के बाद इसे बीना रोड पर स्थानांतरित किया गया।

मंगलवार को इस मुद्दे पर चक्काजाम किया गया था, और बुधवार को वार्ड के लोगों ने शराब दुकान के बाहर प्रदर्शन किया, जिसके बाद वे एसडीएम कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे।

### कॉलेज, अस्पताल, मंदिर के पास है दुकान

ज्ञापन में कहा गया है कि प्रस्तावित शराब दुकान के पास कॉलेज, अस्पताल, मंदिर और एक रिहायशी क्षेत्र है, जहां मध्यम वर्ग के परिवार रहते हैं। वार्डवासियों का मानना है कि शराब दुकान खुलने से क्षेत्र का माहौल खराब होगा, असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ेगा और शांति भंग होगी। उन्होंने यह भी चिंता व्यक्त की कि इससे बच्चों और बच्चियों को स्कूल आने-जाने में परेशानी होगी तथा आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न होगी। सभी वार्डवासियों ने मांग की है कि शराब दुकान का लाइसेंस रद्द किया जाए और जिस भूमिस्वामी ने जगह किराए पर दी है, उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।

## खुरई में 13 अप्रैल को जल सप्लाई रहेगी बंद

**खुरई।** खुरई शहर में 13 अप्रैल को पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी। नगर पालिका ने सागर रोड स्थित वॉटर फिल्टर प्लांट में क्लोरीफायर और साफ-सफाई का कार्य करने का फैसला लिया है। यह कदम स्थानीय नलों से गंदे और बदबूदार पानी की लगातार शिकायतों के बाद उठाया गया है। गंदे पानी की लगातार मिल रहीं थी शिकायतें सागर रोड स्थित बिजली कार्यालय के सामने संत रविदास वार्ड में पिछले कुछ दिनों से नलों में गंदा पानी आ रहा था। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पानी की स्थिति इतनी खराब थी कि लोग इसे पीने से बच रहे थे, जिससे कई लोग बीमार भी हुए। पानी के रंग और बदबू को देखकर यह आशंका जताई गई कि कहीं नाली का पानी पाइप लाइन में मिल रहा है। शिकायतों के मद्देनजर नगर पालिका ने 12 अप्रैल को फिल्टर प्लांट में क्लोरीफायर और सफाई का कार्य निर्धारित किया। 13 अप्रैल को पानी की आपूर्ति नहीं होगी।

## गुरु अर्जुन देव का प्रकाश पर्व मनायाः गुरुद्वारे में धार्मिक कार्यक्रम, संगत ने कीर्तन सुना



**खुरई ।** खुरई के सिख गुरुद्वारे में सिखों के पांचवें गुरु, गुरु अर्जुन देव का प्रकाश पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया। सिख समाज के अध्यक्ष परविंदर सिंह चावला ने बताया कि गुरुवार सुबह 11 बजे श्री सहज पाठ साहिब का समापन हुआ। इसके बाद भोपाल से आए भाई साहिब जोगिंदर सिंह ने 11:30 बजे से गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत किया, जिससे संगत भावविभोर हो गई। दोपहर करीब 2 बजे अरदास के साथ समागम का समापन हुआ। समागम के उपरांत कुलवंत सिंह द्वारा लंगर की सेवा की गई। इन सभी धार्मिक कार्यक्रमों में सिख समाज के साथ-साथ सिंधी समाज के लोग भी उपस्थित रहे, जो सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक था। समाज के हरविंदर सिंह चावला, कुलवंत सिंह और बाबी चावला ने गुरु अर्जुन देव जी के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 'शांति के पुंज' कहे जाने वाले गुरु अर्जुन देव जी ने ही 1604 में दरबार साहिब में पहली बार गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश किया था। 1430 अंग (पन्नों) वाले इस पवित्र ग्रंथ के पहले प्रकाश पर बाबा बुड्ढा जी ने बाणी पढ़ने की शुरुआत की थी। पहली पातशाही से छठी पातशाही तक सिख धर्म की सेवा को समर्पित करने वाले बाबा बुड्ढा जी इस ग्रंथ के पहले ग्रंथी बने। गुरु अर्जुन देव जी ने गुरु ग्रंथ साहिब का संपादन किया और मानवता व सत्य के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन सेवा और त्याग का अनुपम प्रतीक है।इस अवसर पर हरजीत सिंह सलूजा, हरजीत सिंह राजपाल, अजीत सिंह अजमानी, सतनाम सिंह चावला, गोल्डी छावड़ा, राजू हूडा, गौरवपाल सलूजा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पुणे ट्रेन की मांग को लेकर मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**सागर।** बीना-कटनी होकर पुणे के लिए ट्रेन चलाने की मांग को लेकर एकता समिति प्रतिनिधि मंडल ने आज खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। राजपूत ने मांग पर सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार स्तर पर समुचित कार्रवाई के लिए प्रयास करेंगे। बुंदेलखंड अंचल के हजारों परिवार आईटी - एजूकेशन हब पुणे में है। कटनी-बीना होकर पुणे के लिए कोई ट्रेन नहीं है, इससे आने जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। समिति द्वारा पुणे ट्रेन के लिए जारी पोस्टकार्ड अभियान के लिए निरंतर जनसमर्थन मिल रहा है।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का गर्म -जोशी के साथ शहर कांग्रेस ने किया स्वागत

# जीतू पटवारी ने कलेक्टर को फोन लगाकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराकर तुरंत निराकरण करने की बात कही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के सागर आगमन पर मोतीनगर चौराहे पर किसानों की आवाज बुलंद करने निकल रहे जीतू पटवारी का भव्य स्वागत किया। बुलडोजर पर खड़े होकर गुलाब के पंखुड़ियां से जहां पुष्प वर्षा की वही प्रदेश अध्यक्ष ने भी मंच पर पहुंचकर नारी शक्ति व वरिष्ठ कांग्रेस जनों को मालाएं भेंट की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा की मोदी की गारंटी खत्म हो गई । कही का नेता हो सागर का हो खुरई, रहली, सुरखी नरयावली कहीं का भी नेता हो सभी एक ही थाली की चट्टे बट्टे है। भाजपा के नेताओं की गतिविधियों पर नजर रखें हम सबको मिलकर पीड़ित जनता के हित में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने एकजुट होकर काम करना होगा और भाजपा को हराना होगा।

जीतू पटवारी ने किसानों को सड़कों पर आक्रोशित देखकर सीधे कृषि मंडी पहुंचे । उन्होंने अपनी आपबीती जीतू पटवारी को सुनाई कुछ किसानों ने कहा कि वो तीन चार दिन से बैठे हैं मंडी बोर्ड सुध नहीं ले रही है सही



दाम नहीं मिल रहा। बड़ी संख्या में किसानों ने मंडी के कार्यों को लेकर नाराजगी जाहिर की। जीतू पटवारी ने कलेक्टर को फोन लगाकर किसानों की समस्याओं से अवगत करा कर तुरंत निराकरण करने की बात कही और उनकी अनदेखी पर नाराजगी जताई एवं कलेक्टर से मंडी जाकर हालत देखने की बात कही। उन्होंने कहा तीन-चार दिन से यहां परेशान हो रहे हैं और आप उनका हाल तक देखने नहीं आए। पटवारी ने कलेक्टर की बात मंडी प्रबंधन से भी कराई । जीतू पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार इस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष बताती है लेकिन ये शोषण वर्ष के रूप में दिखाई दे रहा है। किसान फसलों के दामों और बारदानों को लेकर परेशान है।

अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जब-जब सागर आते है कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ता है । उनका जो भी निर्देश रहेगा शहर कांग्रेस उसका पालन करेगी। उन्होंने कांग्रेस जनों की भी सराहना की जो इतनी तपती धूप में चौराहे पर अपने प्रिय नेता के स्वागत में पलक फावड़े बिछाए रहे ।

ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने कहा कि जीतू पटवारी जबसे अध्यक्ष बने हैं लगातार जनता की आवाज उठा रहे हैं। पटवारी की मेहनत और कांग्रेसियों का साथ भाजपा की सत्ता पलट कर रख देगी।

इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, अमित राम जी दुबे, प्रदीप गुप्ता, मुकुल पुरोहित, सिंटू कटारे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हेमराज रजक, नरेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र राजे, आनंद हेला, सागर साहू, राहुल चौबे, बब्बू यादव, कमलेश तिवारी, समीर खान, प्रशांत समैया, नौशाद अब्बासी, फिरदौस कुरैशी, अरविंद सिंह ठाकुर, सुनील ठाकुर, पीयूष अवस्थी, शाहबाज कुरेशी, अजय सिंह राजपूत, निखिल जैन, सुरेंद्र चौबे, किरण लता सोनी, रेखा सोनी, रेखा अहिरवार, गीता पटेल, कल्लू पटेल, पवन पटेल, जितेंद्र चौधरी, निलेश अहिरवार, महेश अहिरवार, विनोद रैकवार, सुरेश रैकवार, भईयन पटेल , विजय साहू , हरिश्चंद्र सोनबर, मनोज सोनवार, अनिल सोनी, वीरू चौधरी, टीकाराम दीवान, गोपाल प्रजापति शामिल थे।

## सामूहिक विवाह और परिचय सम्मेलन 25 व 26 अप्रैल को

**सागर।** चौरसिया समाज अखिल भारतीय स्तर पर माँ महलवार मंदिर परिसर काकागंज पर आगामी 25 व 26 अप्रैल को विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन तथा 26 अप्रैल को सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन करेगा। इस अवसर पर 26 अप्रैल को सुबह 10:30बजे से अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा (दिल्ली) की राष्ट्रीय एवं मध्य प्रदेश की संयुक्त कार्यकारिणी की और दोपहर 12:30 बजे से साधारण सभा की बैठक होगी। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव चौरसिया के अलावा इंजी. रमेश चौरसिया, बसंत बाबा, कौशल किशोर, मुकेश आड़तिया सहित देश भर से राष्ट्रीय व मध्य प्रदेश के पदाधिकारीगण और सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होंगे। साथ ही वैवाहिक पत्रिका सागर संगम का विमोचन होगा।

WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## 3-3 आवेदन देने पर भी पुलिस कार्रवाई शून्य, अजाक्स संगठन ने दी चेतावनी

# जमीन का सपना दिखाकर डकारे दस लाख, पीड़ित डॉक्टर भटक रहा दर-दर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में जमीन दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है जिसमें एक डॉक्टर को जमीन का सपना दिखाकर 10 लाख रूपये लें लिये गये और अब उक्त रकम लेने बाला फोन बंद करके गायब हो गया है। न्याय के लिये पीड़ित डॉक्टर बार बार आवेदन देकर थाने के चक्कर काट रहा है, लेकिन पुलिस द्वारा उक्त मामले में न तो एफआईआर दर्ज की जा रही और न ही पीड़ित डॉक्टर का साथ दिया जा रहा। तब उक्त पीड़ति डॉक्टर का साथ देने के लिये अब अजाक्स संगठन मैदान में आ गया है। जिसमें अजाक्स जिलाध्यक्ष वेनी प्रसाद अहिरवार ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर पीड़ति डॉक्टर को न्याय नहीं दिलाया गया तो अजाक्स संगठन द्वारा मोर्चा खोलते हुये आंदोलन व प्रदर्शन किया जायेगा।

कलेक्ट्रेट के समीप स्थित वैशालीनगर निवासी पीड़ति डॉ अर्जुनलाल अहिरवार ने पुलिस अधीक्षक के नाम दिए ज्ञापन में गुहार लगाते हुये बताया कि वह वर्तमान में उत्तर प्रदेश के ललितपुर में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। पीड़ति डॉ अर्जुनलाल से टीकमगढ़ निवासी पंकज श्रीवास्तव ने कृषि भूमि दिलाने का झांसा देकर 10 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ति डॉक्टर अर्जुनलाल का कहना है कि यह रकम उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से दी थी, लेकिन अब न जमीन मिली, न पैसा लौटा और न ही पुलिस से न्याय मिल रहा है। जमीन सौदे के नाम पर साजिश का शिकार हुये पीड़ति डॉ. अर्जुनलाल के मुताबिक 15 फरवरी को आरोपी पंकज श्रीवास्तव उन्हें झांसी रोड होते हुए ग्राम दौर क्षेत्र में जमीन दिखाने ले गया। उसी दिन शाम करीब 4 बजे आरोपी पंकज ने उनकी पत्नी के सामने 10 लाख रुपये बयाने के रूप में ले लिए। इस मौके पर गवाह के तौर पर कमलेश जैन और सुंदर सिंह बुंदेला भी मौजूद थे जिन्होंने इस लेन-देन को देखा है। लेकिन उक्त रकम लेने के बाद आरोपी पंकज का फोन बंद हो गया, और फिर पंकज से डॉ अर्जुनलाल का संपर्क नहीं हो सका। पीड़ति डॉ अर्जुनलाल ज़ब पंकज के घर पहुंचे तो पंकज की पत्नी सीमा श्रीवास्तव ने पैसे लौटाने का भरोसा दिया, लेकिन कुछ ही समय बाद सीमा ने भी उक्त पूरे मामले से पल्ला झाड़ लिया। पीड़ित डॉ अर्जुनलाल का आरोप है कि उक्त पति-पत्नी ने मिलकर सुनियोजित तरीके से ठगी की है। यह मामला लेकर ज़ब पीड़ित डॉ अर्जुनलाल पुलिस के पास पहुंचा तो पीड़ित डॉ अर्जुनलाल ने 9 मार्च, 12 मार्च और 16 मार्च को कोतवाली थाना टीकमगढ़ में तीन तीन बार लिखित शिकायतें दीं, लेकिन कोतवाली पुलिस द्वारा न तो एफआईआर दर्ज की गई। न ही कोई पावती दी गई। और न ही कार्रवाई किये जाने की कोई ठोस जानकारी या उम्मीद बताई जा रही।




**पुलिस फाइलों में दबती गुहार को देख आगे आया अजाक्स, दी चेतावनी**

जब पीड़ित डॉ अर्जुनलाल अहिरवार की उक्त शिकायतें और न्याय पुलिस फाइलों में दवता व दम तोड़ता नजर आया तब पीड़ित डॉ अर्जुनलाल ने मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स संगठन का दरवाजा खटखटाया। तब अजाक्स जिलाध्यक्ष डॉ वेनी प्रसाद अहिरवार ने पीड़ित डॉ अर्जुनलाल के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर ज्ञापन सौंपकर आरोपी पंकज श्रीवास्तव और सीमा श्रीवास्तव के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुये सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी भी दी कि अगर शीघ्र ही उक्त मामले में न्याय नहीं दिलाया गया तो अजाक्स संगठन द्वारा प्रदर्शन व आंदोलन किया जायेगा।

**कार्रवाई की जाएगी**

डॉक्टर मामले को लेकर आवेदन आया है जिसमें जांच की जा रही है। जांच में जो भी सामने आएगा, उसके तहत कार्रवाई की जाएगी...।

**रविभूषण पाठक**, थाना प्रभारी कोतवाली

## 2 वर्षीय मासूम को खोजकर पुलिस ने अपनों से मिलाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

नगर में लगे हाट बाजार में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक 2 वर्षीय मासूम दिव्यांश राजपूत अपने परिजनों से बिछड़ गया। बच्चे के अचानक गुम होने से परिजन घबराकर उसकी तलाश में जुट गए और पूरे बाजार में अफरा तफरी का माहौल बन गया। इसी बीच पलेरा थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक ग्यासी लाल यादव को जैसे ही मासूम के गुम होने की सूचना मिली, उन्होंने बिना देरी किए तत्परता दिखाई और तुरंत मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बच्चे को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया और उसे शांत करते हुए परिजनों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास शुरू किया।

**बाजार हाट में बिछड़ गया था परिजनों से, अफरा तफरी के बीच पुलिस ने दिखाई तत्परता**

लगातार प्रयासों के बाद बच्चे की पहचान दिव्यांश राजपूत के रूप में हुई। तत्पश्चात उसके नाना लखचंद्र राजपूत निवासी नयागांव से संपर्क स्थापित किया गया। आवश्यक पुष्टि के बाद मासूम को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया। इस संवेदनशील और त्वरित कार्रवाई से पलेरा पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए इसे आमजन के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का उदाहरण बताया है। बही दूसरी ओर 2 वर्षीय बच्चा सकुशल मिल जाने पर परिजनों ने पुलिस का धन्यवाद दिया। बच्चे को पुनः अपने पास देख परिजनों के चेहरे खिल गये।



## खेत में पति-पत्नी ने पिया जहर, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के सुंदरपुर सातखेरा गांव में बुधवार शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक नवविवाहित दंपती ने खेत पर काम करते समय कीटनाशक पी लिया। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान 20 वर्षीय दयाचंद लोधी और उनकी पत्नी लक्ष्मी लोधी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों की शादी करीब एक वर्ष पूर्व ही हुई थी। कोतवाली पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद परिजन दोनों को निजी वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही दोनों ने दम तोड़ दिया। गुरुवार सुबह पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां पीएम कराया गया। परिजनों के अनुसार, बुधवार शाम दंपती खेत पर काम करने गए थे, तभी उन्होंने अज्ञात कारणों से कीटनाशक का सेवन कर लिया। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पहले टीकमगढ़ अस्पताल लाया गया, इसके बाद झांसी रेफर किया गया था। जिला अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी जागेश्वर साहू ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि दंपती ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया।

**एक वर्ष पूर्व ही हुई थी शादी, पुलिस कर रही मामले की जांच**

## मुस्कान अभियान के तहत दिल्ली मथुरा से खोजी 2 नाबालिग

**पुलिस ने आरोपियों को भी किया गिरफ्तार, एसपी मंडलोई के निर्देशन में इस वर्ष 40 से अधिक घर वापसी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

गुमशुदा नाबालिगों की तलाश और सुरक्षित पुनर्वास के लिए चलाया जा रहा मुस्कान अभियान जिले में भरोसे की नई मिसाल बनता जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए दिल्ली और मथुरा से दो नाबालिग बालिकाओं को सकुशल खोजकर परिजनों को सौंप दिया। गुम हुई बालिकाओं के मामलों को प्राथमिकता में लेते हुए एसपी मंडलोई द्वारा पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। एसपी मंडलोई के स्पष्ट निर्देशों के तहत तकनीकी संसाधनों, साइबर सेल और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया, जिससे कम समय में ही बालिकाओं की लोकेशन ट्रेस कर उन्हें सुरक्षित वापस लाया गया। पूरे अभियान में सूझबूझ और सतर्कता से संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश, डिजिटल ट्रैकिंग और फील्ड इंटेलिजेंस के





समन्वय से पुलिस टीम दिल्ली और मथुरा तक पहुंची और दोनों बालिकाओं को सुरक्षित बरामद किया। साथ ही बहला-फुसलाकर ले जाने वाले आरोपियों को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर उनके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई से ऐसे अपराधियों को स्पष्ट संदेश गया है कि बच्चों के खिलाफ अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। इस सफल ऑपरेशन में कोतवाली प्रभारी रवि भूषण पाठक, उप निरीक्षक राजवीर सिंह, प्रधान आरक्षक सुखदीन, रतीराम सहित आरक्षक अरविंद, गौरीशंकर, रामसखी, अजय, शैलेन्द्र रावत और कामिनी की अहम भूमिका रही। टीम ने समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ अभियान को सफल अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि एसपी मंडलोई के कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में मुस्कान अभियान के तहत वर्ष 2026 में अब तक 40 से अधिक गुम नाबालिगों को विभिन्न राज्यों से खोजकर उनके परिजनों से मिलाया जा चुका है। जो पुलिस की संवेदनशीलता, सक्रियता और जनसेवा के प्रति समर्पण को दर्शाती है। एसपी मंडलोई ने कहा कि हर बच्चे की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है, सतर्कता, संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई ही हमारा संकल्प है। टीकमगढ़ पुलिस का यह अभियान न केवल बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचा रहा है, बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास की भावना को भी मजबूत कर रहा है।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का जगह जगह हुआ भव्य स्वागत**

## समर्पित कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकतः खंडेलवाल

**टीकमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के प्रथम नगर आगमन पर शहर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह उनका जोरदार स्वागत किया, वहीं जेसीबी मशीन से पुष्पवर्षा कर अभिनंदन का अनोखा दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व विधायक राकेश गिरी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी गिरी ने किया। इस दौरान जिला अस्पताल चौराहे पर भाजपा पदाधिकारी अभिषेक खरे रानू ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भव्य स्वागत किया। जैसे ही खंडेलवाल नगर में प्रवेश कर कार्यक्रम स्थल गिरी होटल पहुंचे, भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए जेसीबी के माध्यम से पुष्पवर्षा कर अपने उत्साह और सम्मान का प्रदर्शन किया। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच पूरे आयोजन ने उत्सव का रूप ले लिया, जिससे माहौल पूरी तरह से उत्साहित और जोशपूर्ण रहा। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं के समर्पण और ऊर्जा की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं, जिनकी मेहनत और निष्ठा से संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और सशक्त बनाने तथा आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लिए जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गौरतलब है कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद हेमंत खंडेलवाल का यह टीकमगढ़



का पहला दौरा था, जिसे संगठनात्मक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे पूर्व पूर्व विधायक राकेश गिरी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की थी।

**एसपी मॉनिटरिंग, एसडीओपी की फील्ड कमान व टीआई भार्गव के टीमवर्क से मिली कामयाबी**

## मासूम की मौत के पीछे छिपे चेहरे 24 घंटे में हुए बेनकाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

9 वर्षीय मासूम बालिका के साथ रेप और फिर हत्या के सनसनीखेज मामले में पलेरा थाना पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही पर्दाफाश कर एक बार फिर साबित कर दिया कि पुलिसिया कार्यवाही में जब नेतृत्व मजबूत हो और समर्पित टीम वर्क से काम हो तो अपराधियों के बचने की कोई गुंजाइश नहीं रहती। इस पूरे खुलासे के केंद्र में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम और थाना प्रभारी प्रीति भार्गव की रणनीतिक मेहनत और सटीक मॉनिटरिंग की बजह से कम समय में ही सफलता मिलना रहा। पलेरा थाना प्रभारी के अनुसार, मामले की जांच में खुलासा हुआ है कि तीनों आरोपियों ने पहले नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया था। घटना के बाद जब नावालिग़ ने अपने माता-पिता को इसकी जानकारी देने की बात कही, तो आरोपियों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



07 अप्रैल को पलेरा थाने में मामला दर्ज कराया गया था कि आरोपियों द्वारा 9 वर्षीय नावालिग़ की पत्थर से कुचलकर निर्ममता से हत्या की गई है। इस जघन्य हत्याकांड ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने खुद मामले की कमान संभाली। उन्होंने न सिर्फ घटनास्थल का निरीक्षण किया, बल्कि हर छोटी-बड़ी प्रगति पर लगातार नजर रखते हुए पुलिस टीमों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उनकी मॉनिटरिंग ने जांच को भटकने नहीं दिया और हर पहलू पर पैनी नजर बनी रही। मैदानी स्तर पर एसडीओपी अभिषेक गौतम ने पूरी कार्रवाई की कमान संभाली। उन्होंने चार अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन कर उन्हें अलग-अलग दिशा में काम पर लगाया। तकनीकी साक्ष्य जुटाने, संदिग्धों की निगरानी और मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने में उनकी रणनीति निर्णायक साबित हुई। वहीं पलेरा में नवागत थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने अपनी टीम के साथ दिन-रात एक कर दिया।

घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने, संदिग्धों से पूछताछ और हर सुराग को जोड़ने में उनकी सूझबूझ और नेतृत्व ने केस को तेजी से सुलझाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी अगुवाई में टीम ने बेहद कम समय में आरोपियों तक पहुंचने में सफलता हासिल की। इसी समन्वित प्रयास का परिणाम रहा कि पुलिस ने आरोपी चेतराम उर्फ विक्की आदिवासी सहित 13 वर्षीय व 17 वर्षीय दो विधि विरुद्ध बालकों को ग्राम बगारभाटा से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया और उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पत्थर भी बरामद किया गया। इस पूरे ऑपरेशन में पुलिस की कार्यशैली ने यह स्पष्ट कर दिया कि मजबूत नेतृत्व, सटीक रणनीति और जमीनी स्तर पर समर्पित टीमवर्क किसी भी जघन्य अपराध को जल्द बेनकाब कर सकता है।

## वंचितों की सहायता ही जीवन का उद्देश्यः अतुल खटीक

**योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक देने में जन सहयोग को बताया आवश्यक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जन सहयोग अत्यंत आवश्यक है। हर जागरूक नागरिक का दायित्व है कि वह इन योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। यह विचार भाजपा नेता एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता से मिले अपार स्नेह और समर्थन से वे भावुक हो गए हैं। वर्षों से जनता की सेवा करने का जो प्रयास किया गया, उसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर टीम भावना के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाया गया



है। अतुल खटीक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक शासकीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पहुंचाएं और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति आमजन को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि गरीब एवं वंचित वर्ग की सहायता करना ही उनके राजनीतिक जीवन का मूल उद्देश्य है और इसी भावना के साथ वे आगे भी कार्य करते रहेंगे।

### गैस सिलेंडर नहीं मिलने से गुस्साए उपभोक्ता, श्योपुर में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

# विजयपुर में एसडीएम के बंगले के सामने लगाया जाम, श्योपुर में कलेक्ट्रेट का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गुरुवार का दिन जिले में प्रदर्शन भर रहा। जिला मुख्यालय पर जहां कांग्रेस ने किसानों की समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया वहीं विजयपुर में गैस की किल्लत को लेकर गुस्साए उपभोक्ताओं ने एसडीएम के बंगले के सामने हाईवे पर जाम लगा दिया। एक घंटे तक चले इस जाम में यातायात व्यवस्था बुरी तरह गड़बड़ा गई।

उपभोक्ताओं का गुस्सा इसलिए भी अधिक बढ़ रहा था कि गैस की किल्लत को लेकर उपभोक्ताओं द्वारा यह तीसरी बार जाम लगाया गया है और हर बार एसडीएम ने उपभोक्ताओं को पैनिक ना होने और सिलेंडर स्टॉक पूरा होने जैसी बात कहकर समस्या को नकारते रहे हैं, इसलिए उपभोक्ता यही कहना चाह रहे थे कि एसडीएम आकर खुद गैस गोदाम पर सिलेण्डर का स्टॉक देखे ओर वितरण कराए। बाद में मौके पर पहुंचे तहसीलदार रवि शर्मा एवं थाना प्रभारी विजयपुर आरएस गुर्जर द्वारा दी गई समझाइश के बाद नाराज उपभोक्ता जाम खोलने को राजी हुए।

विजयपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों और नगर के वार्डो से सिलेंडर लेने गैस एजेंसी के गोदाम पर पहुंचे उपभोक्ता पर्ची लेकर गैस सिलेंडर सहित सुबह 7:00 बजे लाइन में लग कर सिलेंडर मिलने का इंतजार करते रहे लेकिन सिलेंडर की गाड़ी नहीं आने से सिलेंडर नहीं मिले इंतजार करते करते थक गए उपभोक्ताओं के सब्र का बांध तब फूट गया जब वितरक ने उपभोक्ताओं के अधिक हंगामा करने पर बोल दिया कि गाड़ी आएगी या नहीं आएगी कोई गारंटी नहीं है, इससे नाराज उपभोक्ताओं ने यह कहते हुए पहले गैस गोदाम के सामने जाम लगाकर नारेबाजी की कि वितरक उपभोक्ताओं को परेशान कर रहा है, अगर गैस सिलेंडर आने ही नहीं थे तो फिर उन्हें बुलाया क्यों गया। इसके बाद लोग जाम लगाने के लिए एसडीएम के बंगले के सामने पहुंच गए जो गोदाम से 3 किलोमीटर दूर है पैदल सिलेंडर कंधों पर रखकर जाम लगाने पहुंचे उपभोक्ताओं ने हाइवे पर सिलेंडर रखकर जाम लगा दिया और हाईवे जाम कर दिया। एसडीएम के बंगले के सामने जाम लगने की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया और पहले समझाइश देकर जाम खुलवाने का प्रयास किया गया लेकिन उपभोक्ता एसडीएम को मौके पर बुलाने की बात पर अड़ गए लेकिन जब तहसीलदार ने उन्हें बताया कि एसडीएम नगर से बाहर हैं और उपभोक्ताओं की समस्या उन्होंने एसडीएम को मोबाइल पर बता दी है, एसडीएम ने इस मामले को गम्भीरता से लेने का आश्वासन दिया है, साथ ही तहसीलदार ने कहा कि वह खुद खड़े होकर सिलेंडर अपनी निगरानी में वितरण कराएंगे और कोई गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी। तहसीलदार के आश्वासन के बाद मुश्किल से माने उपभोक्ता जाम खोलने को राजी हुए लेकिन सिलेंडर उन्हें फिर भी नहीं मिले थे।



#### कालाबाजारी से खफा हैं उपभोक्ता

गैस सिलेंडर की कमी कृत्रिम रूप से कमी बनाए रखने का आरोप उपभोक्ता एजेंसी डीलर पर लगाते हुए कह रहे हैं कि सिलेंडर तो आज भी उतने ही आ रहे हैं जितने पहले आते थे लेकिन जो बड़ा वाला सिलेंडर जो कमर्शियल उपयोग के लिए था जिसे फिलहाल सरकार ने बंद कर दिया है उसके स्थान पर घरेलू गैस सिलेंडर दुकानदारों को उपलब्ध कराया जा रहा है जिसके कारण उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिलने में परेशानी आ रही है। लोगों का आरोप है कि कुछ उपभोक्ता सब्सिडी दर पर सिलेंडर खरीद कर दुकानदारों को महंगे दामों पर बेच रहे हैं प्रशासन इस कालाबाजारी को रोकने में असफल है जिसके कारण भी है समस्या आ रही है तहसीलदार ने ऐसे दुकानदारों के खिलाफ छापा मार करवाई कर सिलेंडर जप्त करने का आश्वासन दिया है।



#### कांग्रेस ने घेरा कलेक्ट्रेट

उधर किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट का घेराव किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सोपा जिसमें गेहूं की फसल को 2700 रुपए प्रति क्विंटल खरीदने के वादे को पूरा करने। अभी हाल ही में श्योपुर जिले में हुई भयंकर ओलावृष्टि एवं बारिश से लगभग आधा सैकड़ा गांव के किसानों की गेहूं एवं अन्य फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है जिस कारण किसानों पर बहुत बड़ा संकट आ गया है। को तत्काल मुआवजा दिया जाए। मांग का प्राथमिकता से उल्लेख किया गया है इसके अलावा स्थानीय स्तर पर किसानों की फसल से 700 ग्राम कटौत्रा करने को रोकने की मांग कलेक्टर से की गई। प्रदर्शन में विधायक बाबू जंडेल कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, रितेश तोमर मोहम्मद चीनी कुरेशी, ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद साबिर, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम भरत मीणा, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा, सिराज दाऊदी आदि मौजूद रहे।


### हरिमोहन अध्यक्ष तो कनीराम बने कोषाध्यक्ष

# अक्षय तृतीया पर होगा मीणा समाज का विवाह सम्मेलन, नई समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ढोटी,टर्रा और आसीदा के मध्य इस साल भी अक्षय तृतीया के अबूझ साहलग पर मीणा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय गुरूवार को ग्राम ढोटी स्थित माताजी मंदिर पर आयोजित हुई क्षेत्रीय मीणा समाज की बैठक में लिया गया। इस बार 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर आयोजित होने वाले 16 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए नई समिति का गठन भी सर्वसम्मति से कर दिया गया है।

नई गठित की गई सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति का अध्यक्ष हरिमोहन मीणा पच्चीपुरा को बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष ब्रजमोहन ढोटी, रमेश मास्टर प्रेमसर, राधेश्याम मास्टर बिलवाड़ा, रामराज आसीदा को नियुक्त किया गया है। जबकि सचिव धर्मराज गौहेड़ा, सह-सचिव राकेश बिलवाड़ा, कोषाध्यक्ष कनीराम किलोरच तथा सह-कोषाध्यक्ष विनोद मीणा अडवाड को बनाया गया है। बताया गया है कि नई गठित सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति ने सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां भी शुरू कर दी है।



### एक मई को कन्यादान योजना के तहत आयोजित होगे विवाह सम्मेलन

**श्योपुर।** श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला के अनुमोदन अनुसार 1 मई बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर जिले की सभी नगरीय निकायों एवं जनपदों में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किये जायेगे। जिसके लिए 15 अप्रैल तक आवेदन किये जा सकते है। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग शशिकिरण इक्का ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 1 मई को नगरपालिका श्योपुर, नगर परिषद विजयपुर एवं बडौदा तथा जनपद पंचायत श्योपुर, कराहल एवं विजयपुर के तत्वाधान में योजना के तहत सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किये जा रहे है। योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभिभावक अपने आवेदन आयोजन तिथि से 15 दिवस पूर्व 15 अप्रैक तक संबंधित निकायों में जमा करा सकते है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत अक्षय तृतीया के अवसर पर 19 अप्रैल 2026 को समस्त निकायों अर्थात सभी जनपद पंचायतो एवं देवउठनी ग्यारस (तुलसी विवाह) के अवसर पर 20 नवंबर 2026 तथा बंसत पंचमी के अवसर पर 11 फरवरी 2027 को सभी जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

# जर्जर हाल में पहुंची सडकों पर एक्सीडेंट का खतरा,स्थिति सुधारने कलेक्टर को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले की दो सडके किशोरपुरा से हिरनीखेडा और ढोटी से किलोरच तक बनी सडके इन दिनों गड्ढो में तब्दील हो गई है। जिसके चलते इन सडकों पर आए दिन एक्सीडेंट होने का खतरा बना हुआ है। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर सिंह मीणा ने इस संबंध में एक पत्र कलेक्टर अर्पित वर्मा को सौंपकर इन सडकों की स्थिति को सुधरवाए जाने का अनुरोध किया है।

भाजपा नेता महावीर सिंह मीणा ने कलेक्टर को सौपे पत्र में उल्लेख किया है कि किशोरपुरा-हिरनीखेडा सडक और ढोटी-किलोरच सडक प्रेमसर क्षेत्र की महत्वपूर्ण सडके है। जिन्हे लोक निर्माण विभाग के द्वारा बनवाया गया है। मगर रखरखाव के अभाव में ये दोनो सडके गड्ढो में तब्दील हो गई है। जिसके चलते इन सडकों से गुजरना क्षेत्रीय लोगो के लिए काफी कष्टदायक साबित हो रहा है। सडक के गड्ढो में बाइक सवार लोगो के गिरकर चोटिल होने का अंदेशा हमेशा बना रहता है। किसानों को भी इन जर्जर सडकों से गुजरने के दौरान खासी परेशानी झेलनी पड रही है। इसलिए इन सडकों की क्षतिग्रस्त स्थिति को जल्द सुधरवाया जाए।



# स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ऐसी छात्र शाखा है, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के अधिकारों की रक्षा करना, कैंपस में लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देना और सामाजिक न्याय के लिए लड़ना है। हालांकि छात्र विरोधी सरकार के इशारे पर हमें छात्रहित के काम करने से रोका जा रहा है लेकिन छात्रहित में आप सबने जो प्रदर्शन किए हैं वो उल्लेखनीय है। यह बात गुरुवार को एनएसयूआई स्थापना पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनएसयूआई पदाधिकारी पीयूष शिवहरे ने संबोधन देते हुए कही।

एनएसयूआई दिवस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि यह संगठन देश भर के विश्वविद्यालयों में छात्रों की समस्याओं (जैसे शिक्षा, हॉस्टल, और फीस) को उठाने और भविष्य के नेतृत्व को तैयार करने का कार्य करता है। 1971 में पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा स्थापित यह संगठन पांच दशकों से छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। स्थापना दिवस के इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ओर छात्रों ने एक दूसरे को बधाई दी और शपथ भी लीं इस दौरान शिवम मीणा, सुरेंद्र मीणा, मोहित धाकड़, अजय शिवहरे, रोनी मीणा, आशीष धाकड़ और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# लंच छोड़ जरूरतमंद के लिए रक्तदान करने पहुंचे पार्षद प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

वार्ड नंबर 8 के पार्षद प्रतिनिधि रजा खान ने गुरुवार को अनुकरणीय और सराहनीय काम तब किया जब ऑफिस लंच के समय वह खाना छोड़ पीड़ित महिला की जान बचाने के लिए रक्तदान करने जिला अस्पताल पहुंचे। बुधवार को जिला अस्पताल में गम्भीर हालत में लाई गई हाफिजा पत्नी अब्बास खान निवासी हसनपुरा हवेली जिसका रक्त सिर्फ 2 प्वाइंट रह गया था जान बचाने के लिए 2 यूनिट ए पॉजिटिव रक्त की तत्काल आवश्यकता थी। सोशल मीडिया पर सूचना डालने के बाद किसी रक्तदान दाता ने बुधवार को जिला अस्पताल पहुंचकर एक यूनिट रक्तदान कर दिया दूसरी बोतल दूसरे दिन लगती थी इसलिए गुरुवार को फिर सोशल मीडिया पर अपील की गई इसकी जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से वार्ड क्रमांक एक के पार्षद प्रतिनिधि रजा खान को लगी तब वह अपने बिजली कंपनी का ऑफिस में काम कर रहे थे जैसे ही लंच हुआ वह अपना टिफिन छोड़कर अस्पताल पहुंच गए और रक्तदान कर वापस ऑफिस आ गए। उनके साथ वसीम अंसारी भी थे जिन्होंने भी रक्तदान करने की इच्छा जताई थी लेकिन ब्लड बैंक कर्मियों ने एक दिन में एक ही बोतल चढ़ाने के बाद कहकर कहते हुए उनका रक्त लेने से फिलहाल रोक दिया।



# चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का कार्य 30 मई तक पूर्ण कराएं: अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा है कि चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना अंतर्गत प्रतिदिन की प्रोग्रेस से अवगत कराया जायें, उन्होंने निर्देश दिये कि योजना के संबंध में प्रतिदिन किये जाने वाले कार्य की रिपोटिंग संबंधित एजेंसी डब्ल्यूपीआईएल के स्थानीय मैनेजर द्वारा सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट में उनके समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। कलेक्टर गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री चैतन्य चौहान, परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी डब्ल्यूपीआईएल के दिग्विजय सिंह, स्थानीय मैनेजर दीपक कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि परियोजना का कार्य 30 मई तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जायें तथा किसानों को सिंचाई की सुविधा सुचारू करने का लक्ष्य रखते हुए पानी खेतो में चलाकर दिखाया जायें। उन्होंने कहा कि परियोजना अंतर्गत सभी 52 ग्रामों के कमांड एरिया में सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जायें, टेस्टिंग के समय उनके द्वारा सभी 52 ग्रामों में जिला स्तरीय अधिकारी नियुक्त किये जायेगे, जो टेस्टिंग के दौरान कमांड एरिया में पानी की उपलब्धता का सत्यापन सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में जितने भी लिकेज है, उनको सुधारने का कार्य किया जायें तथा टेक्नीकल स्टॉफ पर्याप्त संख्या में नियुक्त किया जायें। सिंचाई हेतु जल वितरण के लिए लगाये गये सभी 413 बॉक्स को सुचारू करने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जायें। निर्माण एजेंसी डब्ल्यूपीआईएल के दिग्विजय सिंह ने बताया कि 30 मई तक डीपीआर के अनुसार सभी कार्य पूर्ण कराये जायेगे तथा सिंचित लक्ष्य 12 हजार हेक्टयर में सिंचाई की सुविधा सुनिश्चित की जायेंगी,

### मामला जैदा मंडी बायपास और मानपुर के पास बन रहे पुलों का

# सीप नदी पर बन रहे दो पुलों का काम जून तक हो जाएगा कंपलीट, बारिश में बंद नहीं होगा रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जीवनदायिनी सीप नदी पर काफी दिनों से निर्माणाधीन बने दो नए पुलों का काम जून माह तक कंपलीट हो जाएगा। शहर के सलापुरा क्षेत्र में जैदा मंडी बायपास रोड पर बन रहा पुल तो तैयार हो गया है। अब सिर्फ एप्रोच रोड बनना बाकी रह गई है। उधर मानपुर के पास सीप नदी पर बन रहे पुल का निर्माण कार्य भी पूर्णता की ओर बढता जा रहा है। विभागीय अधिकारी अधिकारी उम्मीद जता रहे है कि बारिश आने से पहले ये दोनो पुल बनकर तैयार हो जाएंगे और इनसे आवागमन भी शुरू हो जाएगा। जिसकारण इस बार क्षेत्रीय लोगों का बारिश के दौरान आवागमन बाधित नहीं होगा।

बता दें कि वर्ष 2021 में आई सदी की भीषण बाढ के दौरान सीप नदी पर बने दो बडे पुल ढह गए थे। जिनमें एक पुल तो सलापुरा क्षेत्र में जैदा मंडी बायपास रोड पर बना पुल शामिल है,वहीं दूसरा पुल मानपुर के पास बना पुल शामिल है। इन पुलो के ढह जाने से क्षेत्रीय लोगों की परेशानी बढ गई। जैदा मंडी बायपास का पुल ढह जाने से जहां वाहन जल संसाधन विभाग के चंबल नहर के पुराने पुल से गुजरने के मजबूर हो रहे है। वहीं मानपुर ढोढर क्षेत्र के आधा सैकडा गांवों के ग्रामीणों की परेशानियां भी बढ गई। क्योंकि बारिश के दौरान उनकी राहे रूक जाती है और उन्हें लंबा फेर खाकर आना पडता है। क्षेत्रीय लोगों की मांग पर इन दोनों पुलो के स्थान पर शासन की ओर से वर्ष 2022 में नए पुल स्वीकृत किए गए। जिसके बाद वर्ष 2023 से इन दोनों पुलों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। लेकिन काम की चाल कुछआ गति से हो जाने के कारण ये दोनो पुल अपनी निर्धारित समय सीमा में पूरे नहीं हो पाए है।



#### जैदा मंडी बायपास पुल: सिर्फ एप्रोच रोड बनना शेष

जैदा मंडी बायपास मार्ग पर सीप नदी में 10 करोड की लागत से बनाया जा रहा नवीन पुल बनकर तैयार हो गया है,लेकिन एप्रोच रोड अभी बनना बाकी है। विभागीय अधिकारी दावा कर रहे है कि जून तक इस पुल का एप्रोच रोड न सिर्फ बनकर तैयार हो जाएगा,बल्कि इस पुल से वाहनों की आवाजाही भी शुरू हो जाएगी। इससे लोगों खासकर किसानों की परेशानी भी मिट जाएगी, क्योंकि इस पुल के निर्माणधीन होने के कारण वाहनों का जल संसाधन विभाग के पुराने पुल से होकर हादसों की आशंका के बीच गुजरना बना हुआ है। बता दें कि पाली रोड से बडौदा रोड जाने वाले लोडिंग वाहनों के साथ साथ मंडी फसल बेचने वाले किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉली भी इस मार्ग से होकर गुजरते है।

#### मानपुर पुल: जून तक काम पूरा होने का दावा

सीप नदी पर मानपुर के पास भी करीब 13 करोड रूपए की लागत से नए पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन पुल का निर्माण शुरू होने के बाद पुल के निर्माण कार्य की चाल कछुआ चालू से भी कम हो गई। जिसकारण पुल का निर्माण कार्य अभी तक भी पूरा नहीं हो सका था। लेकिन विभागीय अधिकारी दावा कर रहे है कि पुल का सिर्फ एक स्लैब डलना बाकी रह गया है। इसमें देरी का कारण भूमि अर्जन संबंधी कार्रवाई रही है। लेकिन जून तक इस पुल के निर्माण कार्य के पूर्ण होने का दावा विभागीय अधिकारी कर रहे है। जिसके बाद 50 से अधिक गांवों का सफर सुगम हो जाएगा।

#### दो नए पुलों का भी शुरू होगा काम,चल रही टेंडर प्रकिया

सीप नदी पर सरोदा और नयागांव के सामने बनना स्वीकृत हुए दो नए पुलों का निर्माण कार्य भी अब जल्द होने की उम्मीद जताई जा रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इन दोनों पुलो के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि टेंडर प्रक्रिया जल्द ही पूरी हो जाएगी। जिसके बाद दोनों पुलों का निर्माण कार्य जल्द ही आरंभ हो जाएगा। इन दोनों पुलों के बनने से भी सरोदा गांव के ग्रामीणों का नदी के दूसरी तरफ पहुंचना जहा सुगम हो जाएगा,वहीं यहां नदी में नावो के डूबने से हादसे घटित होने की आशंका भी खत्म हो जाएगी।

#### जल्द काम पूरा होगा

जैदा मंडी बायपास और मानपुर के पास बन रहे नए पुलों का काम जून माह तक हर हाल में पूरा हो जाएगा इसके लिए ठेकेदारों से काम की गति बढाए जाने के लिए साफ शब्दों में कह दिया गया है। वहीं सरोदा और नयागांव के सामने बनने वाले दोनों पुलों की टेंडर प्रक्रिया चल रही है। यह प्रक्रिया पूरी होते ही दोनों नए पुलों का काम धरातल पर शुरू करा देगो।

**भुवना जोशी**
**एसडीओपी सेतु निर्माण विभाग**

# आज सहेजोगे जल, तो सुरक्षित करोगे कल का भविष्य: आदित्य

**श्योपुर।** जल प्रकृति की देन है और जमीन के भीतर सीमित है, अंधाधुंध दोहन से हम धरती के जल को तेजी से समाप्त कर रहे हैं, अगर ऐसा चलता रहा तो एक दिन वो आयेगा जब हमें एक एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ जाएगा। ऐसा दिन कभी न आए इसके लिए जल को सहेजने की जरूरत है। बारिश के पानी को नदियों तालाबों और दूसरे जलाशयों में रोकना ही एक मात्र तरीका है। यह बात जल गंगा संवर्धन अभियान के नोडल अधिकारी आदित्य चौहान ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सांदीपनी विधालय में आयोजित कार्यशाला में संबोधन देते हुए कही।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगरपालिका श्योपुर द्वारा सांदीपनी विद्यालय श्योपुर मे जल संरक्षण पर कार्यशाला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यशाला में जहां छात्र छात्राओं को जल संरक्षण के लिए समझाइश दी गई वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की जिसमें जूनियर वर्ग मे राधिका प्रजापति ने प्रथम व राज सेन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग मे कोरल जाट ने प्रथम व दर्शनी खण्डेलवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में बुधवार को यहां आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के परिणाम भी घोषित किये गये। जिसमें प्रगति बैरवा, अवनी सक्सैना, पावनि जाट के दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा समष्टि एवं वैशाली बैरवा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा श्रेया गर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सांदीपनी विद्यालय के डॉ. सुनील चौधरी, बिट्ठल कुमार, बनवारी लाल, नगरपालिका कर्मचारी संस्कार, शकील अहमद, दीनदयाल आर्य आदि उपस्थित रहें।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, कमेंट व शेयर पर प्रतिबंध

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के अंतर्गत जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है, आदेश में कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, एक्स आदि पर आपत्तिजनक पोस्ट, फोटो, वीडियो, कमेंट, शेयर या लाइक करने से विभिन्न वर्गों में तनाव और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की संभावना बनी रहती है। कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखने हेतु ऐसे सभी प्रकार की गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। किसी भी जाति, समुदाय या धर्म के प्रति अपमानजनक टिप्पणी, सांप्रदायिक संदेश, अश्लील भाषा या आपत्तिजनक अभिव्यक्ति पोस्ट करने, फॉरवर्ड करने या उन पर प्रतिक्रिया देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आदेश के उल्लंघन की स्थिति में दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश आज से आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा।

## खबर संक्षेप

### युवक से मारपीट, दो पर मामला दर्ज, जांच शुरू

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत शिवपुरी जिले के विसनपुरा निवासी अजय लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जिले के पाटई थाना देहात निवासी अंकेश और इन्दरसिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अज्ञात बदमाश बाइक चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ललितपुर उत्तरप्रदेश के ग्राम सेमरा भागनगर से आए मदनसिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि करीला माता मंदिर से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गया। जिसका नम्बर यूपी 98 एई 1467 है, पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत, मर्ग दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम करैया बुद्धु निवासी संतोष पुत्र सुंदरलाल धाकड़ उम्र 40 साल ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### 20 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के ग्राम अमाही निवासी 20 वर्षीय युवती कीर्ति रजक ने अज्ञात कारणों के चलते उस समय अपने ही घर में फांसी लगा ली जब उसके घर पर कोई नहीं था। परिवार जन करीला धाम माता के दर्शन करने गए थे, घर पर परिवार जन छोटी बहन को छोड़ गए थे। तभी कीर्ति रजक ने अपने आपको कमरे में बंद करके फांसी लगा ली, जब छोटी बहन ने उसे तलाशा तब वह नहीं मिली और कमरे का दरवाजा बंद था, जब परिवार के लोग घर पहुंचे और दरवाजा खोला तब वह फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### अशोकनगर में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय से संबंधित विभिन्न कार्यसूची पर चर्चा उपरान्त प्रस्ताव पारित किये गये। महाविद्यालय में मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विचार विर्मश उपरान्त प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई व सर्वसम्मति विभिन्न प्रस्ताव मान्य किये गये। बैठक में महाविद्यालय की प्राचार्य गरिमा राठौर पदेन (सचिव), डॉ. अनिल सिंह तोमर जनभागीदारी प्रभारी एवं समस्त वित्त व प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित हुये।

### गायों को बचाने में बस हाई टेंशन तार से टकराई

**अशोकनगर।** खनियांधाना से कदवाया होते हुए अशोकनगर आ रही बस के सामने अचानक गायों का झुंड सामने आ गया, तभी ड्राइवर ने स्टेयरिंग एकदम से घुमाई जिससे गाड़ी बिजली के खंभे से टकरा गई। इस दौरान सारे हाइपर टेंशन तार गाड़ी से लिपट गए गोलू चैहान ड्राइवर ने पैसेंजर्स को गाड़ी से उतारा। बस के ऊपर कंडक्टर विपिन यादव (माधव) कंडक्टर श्री कृष्णा बस पर चढ़ गया। उन तारों को निकालने लगा। गाड़ी में समाज सेविका रिंकल सेठ भी मौजूद थी उन्होंने तुरंत एसडीएम ईसागढ़, एसपी, कलेक्टर सभी को कॉल किया मगर किसी ने रात अधिक हो जाने के कारण फोन नहीं उठाया। तब उन्होंने एसडीएम अशोकनगर शुभ्रता त्रिपाठी को कॉल किया। उन्होंने तुरंत कॉल अटेंड किया। उन्होंने तत्कान विधुत विभाग को सूचित किया और लाईट बंद करवाई। 10 मिनट की मशक्कत के बाद तार निकाले, ड्राइवर ने जल्दी से यात्रियों को बिठाया जिसके बाद कदवाया पुलिस को तार पड़े होने की सूचना दी गई, ताकि कोई घटना न हो सके।

---

### मक्का के दाम कम होने से आय में 1.5 प्रतिशत की ही हुई वृद्धि

# अशोकनगर मंडी में आवक का आंकड़ा इस साल 13.99 प्रतिशत ही रहा





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कृषि उपज गल्ला मण्डी अशोकनगर में लगातार फसल की आवक पिछले वर्षों की तुलना में बढ़ती जा रही है। आवक बढ़ने के साथ आय में भी वृद्धि उस स्तर पर इस वर्ष नहीं हो पाई है क्योंकि मण्डी में मक्का के दाम गत वर्ष की तुलना में कम थे। आवक का आंकड़ा पूरे वित्तीय वर्ष में 13.99 प्रतिशत अधिक रहा। जबकि आय गतवर्ष की तुलना में 1.5 प्रतिशत वृद्धि पर ही आकर ठहर गई।

कृषि उपज मंडी के सचिव भागीरथ अरिहवार ने बताया कि वर्ष 2025-26 में 1 अप्रेल से 31 मार्च 2026 तक कुल आवक 6 लाख 04 हजार 645 मेट्रिक टन की आवक हुई है। वर्ष 2024-25 में 31 मार्च 2025 तक कुल आवक 53 लाख 391 मेट्रिक टन माल की आवक हुई थी। गत वर्ष की तुलना में मार्च माह तक 13.99 प्रतिशत वृद्धि हुई है। मण्डी में गत वर्ष की तुलना में आवक तो बढ़ी है लेकिन मक्का के दाम जरूर कम रहे हैं जो मण्डी में आने वाली बड़ी फसलों में से एक है। यदि सरकारी केन्द्रों पर माल की खरीदी न हो और वही माल मण्डी में बिकने के लिए आए तो मण्डी की आवक का आंकड़ा और भी कई गुना हो सकता है।



#### गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष आय 1.05 प्रतिशत अधिक हुई

मंडी में आय की बात करें तो मण्डी की आय भी लगातार बढ़ रही है, लेकिन यह आय इस बात पर निर्भर है कि अगर मण्डी में आने वाले अनाज के दाम अधिक होगें तो मंडी को टेक्स के रूप में मिलने वाली राशि से आय में वृद्धि होगी। लेकिन इस बार मण्डी को आय के आंकड़े में जो आशाएं थीं वह पूरी नहीं हुई हैं। मक्का के दामों में गिरावट से मण्डी की आय प्रभावित हुई है। मक्का के दाम तो सभी जगह कम रहे हैं। भले ही शासन ने मण्डी टेक्स में कमी कर दी है उसके बाबूजूद भी मण्डी की आय कम होने की जगह बढ़ रही है। क्योंकि मण्डी में आने वाले किसान अपने माल को लाने और बेचने की प्रक्रिया से संतुष्ट होते हैं। जिसका असर सीधा मण्डी की आवक और आय पर पड़ता है। अगर आय के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2025-26 में 21 करोड़ 94 लाख 76 हजार 398 रूपए की आय हुई है, जो 2024-25 की तुलना में 1.5 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2024-25 में मार्च तक मण्डी को 21 करोड़ 72 लाख 87 हजार 974 रूपए की आय हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष तक 21 लाख 88 हजार 424 रूपए की अधिक आय हुई है।

#### बड़ी फसलों में गेहूं और मक्का की अधिक हुई आवक

अशोकनगर मंडी की बड़ी फसलों में गेहूं,चना, मक्का, मसूर, सरसों, सोयाबीन, धान, धनिया, तिवउा जैसी फसले हैं। गेहूं की आवक मार्च 2026 तक 2 लाख 43 हजार 274 मेट्रिक टन रही है। चना की आवक 25 हजार 520 मेट्रिक टन हुई है। तिवउा की आवक 6236 मेट्रिक टन हुई है, धनिया की आवक 12328 मेट्रिक टन हुई है, धान की आवक 64540 मेट्रिक टन रही है। मक्का की आवक 1 लाख 50 हजार 970 मेट्रिक टन हुई है। मसूर की आवक 6245 मेट्रिक टन हुई है, सरसों की आवक 29373 मेट्रिक टन रही है, वहीं सोयाबीन की आवक 55748 मेट्रिक टन रही है। इस तरह मण्डी में सबसे बड़ी फसलों में गेहूं के बाद मक्का है। वर्ष 2025-26 में मार्च तक 6 लाख 4 हजार 645 मेट्रिक टन माल की आवक हो रही है, जबकि गत वर्ष 2024-25 में कुल आवक 5 लाख 30 हजार 391 मेट्रिक टन हुई थी, 2024-25 में आवक भी कम हुई थी और आय भी कम हुई थी। इस वर्ष 2025-26 में गेहूं भी अधिक आया और मक्का भी अधिक आई।

#### इनका कहना है

अशोकनगर गल्ला मंडी में आवक गतवर्ष से 13.99 प्रतिशत अधिक रही है लेकिन मक्का के दाम कम होने से मंडी की आय प्रभावित हुई है उसके बाद भी मंडी की आय गत वर्ष से 1.5 प्रतिशत अधिक रही है।
**भागीरथ अहिरवार,** मण्डी सचिव, कृषि उपज मण्डी अशोकनगर।

---

### धूप में खड़ी होने को मजबूर गर्भवती महिलाएं

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुनियादी सुविधाओं का दिखा अभाव



**अशोकनगर।** सरकार द्वारा मातृ स्वास्थ्य और सुरक्षित प्रसव के लिए बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से कोसों दूर नजर आती है। बहादुरपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आई एक तस्वीर स्वास्थ्य विभाग की अव्यवस्थाओं की पोल खोल रही है।

भीषण गर्मी और भारी परेशानी

अस्पताल परिसर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपचार के लिए दूर-दराज के गांवों से आने वाली गर्भवती महिलाओं को पंजीयन और पर्चा बनवाने के लिए घंटों कड़ी धूप में खड़ा होना पड़ रहा है। अस्पताल भवन के बाहर प्रतीक्षा करने के लिए न तो पर्याप्त छाया की व्यवस्था है और न ही बैठने के लिए उचित इंतजाम।

#### अव्यवस्थाओं का आलम

तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि महिलाएं धूप से बचने का प्रयास करते हुए लंबी कतारों में खड़ी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पर्चा काउंटर पर भीड़ प्रबंधन का कोई सिस्टम नहीं है। गर्भवती महिलाओं के लिए कोई अलग या प्राथमिकता वाली लाइन नहीं बनाई गई है। पीने के पानी और बैठने के लिए बेंचों की कमी है। गर्मी में गर्भवती महिलाओं को इस तरह धूप में खड़ा रखना उनके स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। अब सवाल यह उठता है कि क्या जिला स्वास्थ्य प्रशासन इस ओर ध्यान देगा? क्या इन महिलाओं के लिए अस्पताल परिसर में शेड या प्रतीक्षा कक्ष की व्यवस्था की जाएगी।

### ट्रक और बाइक की भीषण भिड़ंत, दो युवक गंभीर रूप से घायल



**अशोकनगर।** चंदेरी नगर के म्यूजियम लाल बावड़ी के पास कल बुधवार सुबह लगभग 10 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक तेज रफ्तार ट्रक और बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल युवक कृष (उम्र लगभग 25 वर्ष) और शाहनवाज (उम्र लगभग 26 वर्ष) सुबह मुंगावली से चंदेरी की ओर आ रहे थे, तभी म्यूजियम के पास उनकी बाइक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

## विधायक सप्रे ने 19.49 करोड़ से बनने वाली सड़कों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



संकल्प सिद्धि यात्रा के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में विधायक एड. निर्मला सप्रे के मुख्य आतिथ्य में तीन प्रमुख रोड निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विधायक के द्वारा बेधई-रूसल्ला मार्ग (3.2 किमी, लागत 486.94 लाख), रूसल्ला-गिरोल मार्ग (3.5 किमी, लागत 580.37 लाख) तथा बीना-कंजिया से लहटवास-बिलाखना मार्ग (6.4 किमी, लागत 881.77 लाख) निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया शामिल हैं। इन तीनों सड़कों की कुल लंबाई 13.1 किलोमीटर तथा कुल लागत 1949.08 लाख रुपए ( करीब 19.49 करोड़ रुपए) है। इन सभी सड़कों का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के लगभग 30 से 40 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे ग्रामीण अंचलों में आवागमन सुगम होगा, कृषि उत्पादों के परिवहन में आसानी आएगी तथा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच पहले की अपेक्षा अधिक सुलभ हो सकेगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि वह विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा मैं बीना के विकास के लिए सदैव खड़ी हूं और क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही मेरा लक्ष्य है। गांव-गांव तक सड़क, पानी, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही उनकी प्रतिबद्धता है और इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह ठाकुर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक निर्मला सप्रे के कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा सैकड़ों नए मार्गों की स्वीकृति और निर्माण कार्य इस बात का प्रमाण है कि बीना में विकास की गंगा बह रही है। इन सड़कों के निर्माण से न केवल गांव-गांव की कनेक्टिविटी मजबूत होगी, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी और क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।


स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से इन सड़कों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है। इससे बरसात के मौसम में होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी और दैनिक जीवन में सुगमता आएगी। किसानों ने विशेष रूप से खुशी जताई कि अब उनकी उपज को बाजार तक पहुंचाने में कम समय और लागत लगेगी। इस मौके पर रतन यादब, बलभद्र बुंदेला, राजेंद्र ठाकुर, राजेंद्र यादव, शिवचरण यादव, अजय पटेल, सत्यपाल पटेल, सरपंच राजा भाई ठाकुर, सरपंच चांद सिंह ठाकुर, सरपंच गोविन्द ठाकुर, सरपंच विजय सुरेंद्र राजपूत आदि उपस्थित रहे।

---

### नवीन कृषि उपज मंडी मार्ग हुआ सुगम

## अशोकनगर मंडी से निकलने वाले यातायात को लेकर पुलिस ने डायवर्जन प्लान लागू किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शहर में कृषक एवं आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में नवीन कृषि उपज मंडी, मोहरी रोड अशोकनगर पर फसलों की अत्यधिक आवक के कारण उत्पन्न यातायात दबाव व जाम की संभावना को नियंत्रित करने हेतु एक सुव्यवस्थित यातायात डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। ज्ञात हो कि यह यातायात अशोकनगर शहर के मार्गों से निकलता है जिससे बाहरी यातायात के साथ शहर का यातायात भी प्रभावित होता है, जिसे देखते हुए यह प्लान बनाया गया है।

मंडी क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रालियों एवं भारी वाहनों का लगातार आवागमन हो रहा है, जिससे शहर में जाम एवं यातायात अव्यवस्था की स्थिति निर्मित होने से रोकने के लिए, पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा एसडीओपी अशोकनगर, थाना प्रभारी कोतवाली, थाना प्रभारी देहात एवं यातायात प्रभारी को विशेष योजना बनाकर प्रभावी यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। निर्देश के पालन में थाना यातायात, कोतवाली एवं देहात द्वारा शहर के प्रमुख चैराहों एवं डायवर्जन पॉइंट्स पर समुचित बैरिकेडिंग कर निम्नानुसार डायवर्जन प्लान लागू किया गया है।

डायवर्जन व्यवस्था इस प्रकार है

सेन तिराहाः- नया बस स्टैंड की ओर से आने वाले वाहनों को सेन तिराहा से डायवर्ट कर बायपास रोड त्रिदेव मंदिर होते हुए लक्ष्मी टॉकीज के सामने से नवीन मंडी की ओर भेजा जा रहा है। इसी मार्ग से मंडी से लौटने वाले वाहन अपने गंतव्य तक पहुँच सकेंगे।

मोहरी पेट्रोल पंप तिराहाः- कचनार एवं नवीन मंडी से आने वाले भारी वाहन एवं ट्रैक्टर-ट्रालियों को मोहरी पेट्रोल पंप तिराहे से लक्ष्मी टॉकीज, त्रिदेव मंदिर होते हुए सेन तिराहे की ओर डायवर्ट किया जा रहा है।

लक्ष्मी टॉकीज के सामनेः-त्रिदेव मंदिर-विदिशा रोड से आने वाले वाहनों को लक्ष्मी टॉकीज के सामने बायपास मार्ग से नवीन कृषि उपज मंडी की ओर डायवर्ट किया गया है, जिससे ट्रैक्टर-ट्रालियों का सुचारू आवागमन सुनिश्चित हो सके।

विदिशा एवं कचनार तिराहे की ओर जाने वाले ट्रैक्टर एवं भारी वाहनों को सेन तिराहा, बायपास रोड, लक्ष्मी टॉकीज एवं मोहरी पेट्रोल पंप पर यातायात बल एवं बैरिकेडिंग के माध्यम से डायवर्ट कर यातायात दबाव कम किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु दो मोबाइल पुलिस पार्टियाँ लगातार भ्रमणशील रखी गई हैं, जो किसी भी जाम अथवा अव्यवस्था की स्थिति में तत्काल कार्यवाही कर समस्या का निराकरण सुनिश्चित करेंगी।

---

दूर-दराज से आने वाले ग्रामीण और बुजुर्ग परेशान

## बैंक ऑफ इंडिया की बदहाली, बुजुर्गों को भारी पड़ रही एक मंजिल की चढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




नगर के कटरा बाजार स्थित इंडियन गैस एजेंसी के ऊपर संचालित बैंक ऑफ इंडिया की चन्देरी शाखा इन दिनों उपभोक्ताओं के लिए सुविधा के बजाय दुविधा का केंद्र बनी हुई है। बैंक प्रबंधन की लापरवाही और तकनीकी संसाधनों की कमी का खामियाजा क्षेत्र के ग्रामीणों और बुजुर्गों को भुगतना पड़ रहा है।

#### प्रमुख समस्याएं जो आमजन को कर रही हैं परेशान

1 सीढ़ियों का सफर, बुजुर्गों पर भारी बैंक पहली मंजिल पर स्थित है। ऐसे में दूर-दराज के गांवों से आने वाले वृद्ध महिला-पुरुषों को ऊँची सीढ़ियां चढ़कर ऊपर जाना पड़ता है, लेकिन वहां पहुंचने के बाद भी उनका काम समय पर नहीं हो पा रहा है।

2 बैंक में एंट्री और पासबुक प्रिंटिंग के लिए लोग घंटों लाइन में खड़े रहते हैं। जिम्मेदारों का कहना है कि शाखा में मात्र एक ही प्रिंटर है, जो लंबे समय से खराब पड़ा है।

3 जब इस संबंध में शाखा प्रबंधक से बात की गई, तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि प्रिंटर खराब है और जब तक बाहर से इंजीनियर नहीं आएगा, इसे ठीक नहीं किया जा सकता। हालांकि, बैंक का दावा है कि उन्होंने मेल कर दिया है, लेकिन समाधान कब होगा, इसका कोई निश्चित समय नहीं है।

#### ग्रामीणों में बढ़ता आक्रोश

आस-पास के गांवों से आने वाले ग्रामीणों का कहना है कि वे अपना किराया फूँककर और पूरा दिन खराब कर बैंक आते हैं, लेकिन यहाँ उन्हें केवल आश्वासन मिलता है।एक मंजिल ऊपर-नीचे के चक्कर काटने में ही उनकी सांसें फूल जाती हैं, ऊपर से काम न होने पर उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है।

---

### टीईटी के विरोध में सौंपा गया ज्ञापन

## अध्यापक, शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





अध्यापक/शिक्षक संयुक्त मोर्चा, मध्यप्रदेश के आह्वान पर अशोकनगर जिला मुख्यालय पर हजारों की संख्या में शिक्षकों ने एकजुट होकर जिलाधीश को टीईटी एवं अपनी लंबित एवं न्यायोचित मांगों के ज्ञापन सौंपा। यह आंदोलन प्रदेशभर में शिक्षकों के बढ़ते असंतोष और न्याय की अपेक्षा का प्रतीक बनकर उभरा।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से यह मुद्दा उठाया गया कि सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के बावजूद प्रदेश के नॉन-टीईटी शिक्षकों पर टीईटी उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता थोपना न्याय संगत नहीं है। एनसीटीईकी 10 अगस्त 2010 की अधिसूचना में स्पष्ट प्रावधान है कि पूर्व में नियुक्त शिक्षकों एवं विशेष परिस्थितियों में कार्यरत शिक्षकों को टीईटी से छूट प्रदान की गई है। प्रयागराज उच्च न्यायालय ने भी यही व्याख्या की है कि पूर्व से कार्यरत शिक्षकों को इसके दायरे में नहीं लिया जा सकता। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर जारी आदेशों के माध्यम से शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने के लिए बाध्य किया जाना न्यायालयीन भावना एवं विधिक प्रावधानों के विपरीत है। यह स्थिति न केवल शिक्षकों के अधिकारों का हनन है, बल्कि उन्हें अनावश्यक मानसिक तनाव में भी डाल रही है।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि न्याय सिद्धांत के अनुसार कोई भी नियम पूर्व प्रभाव से लागू नहीं किया जा सकता। अतः वर्षों पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर वर्तमान नियम लागू करना न केवल अन्यायपूर्ण है बल्कि संवैधानिक भावना के भी विपरीत है। भोपाल में प्रस्तावित आगामी 18 अप्रेल को होने वाले प्रादेशिक आंदोलन सारे प्रदेश के शिक्षक उग्र स्वर में अपनी बात सरकार के समक्ष रखेंगे। इस मौके पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह रघुवंशी, जिलाध्यक्ष रामगोपाल शिवहरे, शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिव कुमार शमार्, आजाद अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष भीम सिंह यादव, राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा, राजाराम सेन, प्रकाश राय, तिलक दांगी मनोज चैरसिया आदि शामिल रहे।

#### खास बातें

- टीईटी की अनिवार्यता को तत्काल समाप्त किया जाए।
- इस सरकार संवेदनशील ढंग से उच्चतम न्यायालय में रिव्यू पिटिशन फाईल करे तथा केन्द्र सरकार से अध्यादेश लाकर इस विसंगति को दूर करे।
- सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जाए, जिससे शिक्षकों को पेंशन, ग्रेच्युटी व अन्य लाभ मिल सके।
- शिक्षकों के साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त किया जाए।